Rediffusion/Edelman

Coverage Report: TCS IT Wiz – Indore Edition

भोपाल ने जीता टीसीएस आईटी विज़ 2016 का इंदौर एडिशन

इंदौर। आई टी सर्विसेस, कंसल्टेंसी तथा बिजनेस सॉल्यूशन के क्षेत्र में अग्रणी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) द्वारा भारत के सबसे बड़े इंटर-स्कूल क्विज़ का आयोजन किया गया। मंगलवार, 27 सितंबर को डीएवीवी युनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में आयोजित टीसीएस आईटी विज़ में इंदौर के विभिन्न स्कूलों के करीब 1200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। टीसीएस आईटी विज़ कक्षा 8-12 में पढ़ने वाले सभी हाई स्कूल विद्यार्थियों के लिए खुला था और इसमें भाग लेने के लिए किसी प्रकार का प्रवेश शुल्क नहीं था। क्विज़ की इस वर्ष की थीम थी ''डिफॉल्ट इज़ डिजिटल'' इस क्विज़ का मंच उन टेक्नीकल ट्रेडंस पर दृष्टि रखता है, जो पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचते है। वे विद्यार्थी जो इस क्विज का हिस्सा होते हैं वे इन तकनीकों को करीब से समझकर भविष्य के लिहाज से अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। क्विज़ के प्रारंभिक लिखित दौर में सफल होने वाली छह टीमों ने रीजनल फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था।